तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 4 जनवरी 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 नेशनल पार्क के सीमावर्ती जंगल में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप



## खबर संक्षेप



### चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिले में प्रारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बुधवार को जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके खाती के द्वारा 3 जनवरी को मनेन्द्रगढ़ में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। जहां पर असुरक्षित, घुमंतू बच्चों को सुरक्षा व्यवस्था दी जाएगी। कार्यालय में सुनील कुमार जिला समन्वयक, कोमल पटेल सुपरवाईजर, हिमांशु शिवहरे सुपरवाईजर, उषा लहरे केस वर्कर, अच्छे लाल लहरे केस वर्कर मौजूद है।

### नगर पालिका ने की छठघाट की सफाई



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा के छठघाट की साफ-सफाई बुधवार को की गई। बुधवार के दिन नगर पालिका द्वारा यहां सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सफाई कर्मियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लालमुनी यादव उपस्थित रही। छठघाट की सफाई के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी तरह सफाई अभियान चलता रहेगा तो कहीं भी गंदगी नहीं रहेगी और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों के इस प्रयास की सराहना की। नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष सहित सभी जिम्मेदारों से मांग की है कि उक्त छठघाट और जलाशय की नियमित रूप से साफ-सफाई की जाए।

### सैनिक स्कूल के लिए विद्यार्थियों ने किया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले से सैनिक में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सैनिक स्कूल में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए भरतपुर के लिए कक्षा 6 वीं में 73 तथा 9 वीं में 59, मनेन्द्रगढ़ के लिए कक्षा 6 वीं में 33 तथा 9 वीं 16, खड़गवां के लिए कक्षा 6 वीं में 22 तथा कक्षा 9 वीं में 5 छात्रों ने पंजीयन किया है। इसी प्रकार जवाहरन नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए भरतपुर में कक्षा 6 वीं के लिए 1076, मनेन्द्रगढ़ में कक्षा 6 वीं के लिए 1267 तथा खड़गवां में कक्षा 6 वीं के लिए कुल 3327 छात्रों ने ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया है।

### जिले में पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक

**एमसीबी।** जिले के सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल एवं डीजल,घरेलू एलपीजी एवं अन्य वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जनसाधारण एवं नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं। जिले में पेट्रोल डीजल की आपूर्ति बनी हुई है। इस स्थिति पर प्रशासन एवं पुलिस की टीम लगातार टोल नाका, चौकिओं में नजर बनाए हुए हैं। वहीं चेम्बर ऑफ कॉमर्स, ट्रक एसोसिएशन, टैक्सी एसोसिएशन के साथ बैठक ली गई।

### कार पलटने से युवक की मौत, भाई की हालत गंभीर

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ डीपाडीहकला के समीप कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने कार चला रहे भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार भाई घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम देवसराकला निवासी सुनिल भगत किसी काम के सिलसिले में डीपाडिहकला जाने के लिए निकले थे।

## लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों को नोटिस

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण करते कलेक्टर।



मरीजों से बातचीत करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला अस्पताल बैकुंठपुर में बुधवार की सुबह कलेक्टर आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में मेडिकल स्टॉफ की उपस्थिति जांचने के साथ ही अस्पताल में वार्ड समेत अन्य मुद्दों पर जांच की। साथ ही ड्यूटी पर समय से नहीं पहुंचने वाले डॉक्टरों, स्टाफ के अलावा अस्पताल में व्याप्त अवस्थाओं के लिए सिविल सर्जन को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

विदित हो कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। श्री लंगेह ने मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा, साथ ही किचन में जाकर साफ-सफाई के बारे में जायजा लिया। कलेक्टर ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए थे कि किसी भी हालत में अस्पताल में डॉक्टरों, स्टॉफ की अनुपस्थिति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और बुधवार को अकास्मिक निरीक्षण के दौरान समय पर नहीं पहुंचने वाले डॉक्टर तथा स्टॉफ को ⏭ शेष पेज 4 पर

### ई-हॉस्पिटल की सुविधा

जिला चिकित्सालय में शीघ्र ई-हॉस्पिटल की सुविधा प्रारंभ करने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने अस्पताल व वार्डों के निरीक्षण के दौरान पर्याप्त संख्या में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके। मरीजों से मिलने के लिए परिजन को टोकन देने की व्यवस्था करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए हैं। साथ ही मरीजों के बिस्तर के समीप परिजन के लिए कुर्सी व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया।

### निविदा प्रक्रिया शीघ्र हो पूर्ण

जिला चिकित्सालय में संचालित कैंटिन एवं सायकल स्टैण्ड का निविदा प्रक्रिया नियमानुसार शीघ्र पूर्ण करने तथा जीवनदीप समिति के संबंध में गठित जांच दल द्वारा जांच प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। अस्पताल परिसर के बाहर अव्यवस्थित ठेला, गुमटी के संचालन के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया।

### अस्पताल समय में निजी प्रेक्टिस, होगी कार्रवाई

अस्पताल में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी जो निजी नर्सिंग होम, क्लीनिक का संचालन कर रहे हैं, तत्काल उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विदित हो कि उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश अनुरूप ही शासकीय चिकित्सक को कार्यालयीन समय के अतिरिक्त निजी प्रेक्टिस करने के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा गया।

### सीईओ ने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के दिए निर्देश



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने शाम को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर भी उपस्थित रहे। जिला अस्पताल में प्रबंधन को लेकर लगातार मिल रही शिकायत के मद्देनजर 2 जनवरी की शाम जिला पंचायत सीईओ ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल सर्जन की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सकों के दूरभाष नंबर सार्वजनिक रूप से लिखे जाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से सीधे बातचीत कर भोजन साफ -सफाई और चिकित्सकों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। भोजन के लिए निर्धारित मेनू के बारे में मरीजों से सीधे पूछताछ करने पर उन्होंने पाया कि प्रभारी द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इसके बाद उन्होंने भोजन कक्ष का निरीक्षण किया और वहां पर्याप्त साफ-सफाई न पाए जाने पर भोजन प्रभारी को तत्काल शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीईओ ने अस्पताल परिसर में सभी वार्डों का निरीक्षण करने के बाद साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया और उपस्थित विक्रेता को समझाइश दी कि चिकित्सक के पर्चे के बगैर कोई भी दर्द निवारक दवाएं न बेचें। उन्होंने सिटी स्केन सेंटर में जाकर रजिस्टर सहित अन्य जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनीश, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. भास्कर दत्त मिश्रा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण करते कलेक्टर।

## निर्माणाधीन जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



**50 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह बुधवार को नए निर्माणाधीन जिला अस्पताल एवं मातृ-शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री लंगेह ने मौजूद कर्मचारी से अस्पताल निर्माण पूर्ण होने में लगने वाले समय की जानकारी ली।

कर्मचारी ने बताया कि एक माह में 50 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल एमसीएच तैयार हो जाएगा, वहीं 200 बिस्तर वाले जिला अस्पताल इस वर्ष के आखिरी माह तक तैयार होने की संभावना बताया। उन्होंने निर्माणाधीन अस्पतालों के कमरे में जाकर निरीक्षण किया तथा उपयोग किए जा रहे मटेरियल को भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर के आसपास पानी निकासी के लिए पर्याप्त बहाव व नाली निर्माण करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के समय पानी न ठहरे। ठेकेदार के प्रतिनिधि को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खानापूर्ति वाले काम बिल्कुल न करें, ऐसे करते या जांच में शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने की बात भी कही। विदित हो कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कंचनपुर में यह नया जिला अस्पताल 35 करोड़ रूपए की लागत से डीएमएफ से बनाया जा रहा है, वहीं एनएचएम के सहयोग से 9 करोड़ रूपए की लागत से एमसीएच ⏭ शेष पेज 4 पर

## सर्व आदिवासी समाज ने प्रथम महिला शिक्षिका को दी श्रद्धांजलि



कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोग।

**बैकुण्ठपुर।** सर्व आदिवासी समाज ने प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले और आदिवासियों के हित में आवाज उठाने वाले राजनेता जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर सर्व आदिवासी समाज भवन खोडरी बैकुंठपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सूर्यप्रताप सिंह नेताम, सचिव विजय सिंह ठाकुर अमर सिंह, भूपसाय, आदिवासी नीरा सिंह कुसरो उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, गीता खलखो, प्रेमवती सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों के लिए कमल फूल तोड़ने गए पिता की जल समाधि

**अम्बिकापुर।** पुत्री व बेटा के साथ डबरी में स्नान करने गए पिता की डबरी में डूबने से मौत हो गई। बेटी व पुत्र के कहने पर डबरी में कमल फूल तोड़ने अंदर गया तभी गहरे पानी में डूब गया। परिजन उसे डबरी से निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार मिशन चौक समीप निवासी बलराम खांडेकर आ. स्व. राम अवतार (34 वर्ष) 31 दिसंबर को परिवार के साथ अपने ससुराल रेवापुर दरिमा गया था। गत दिन पुत्री साधना व बेटा देव के साथ डबरी में स्नान करने गया था। डबरी में कमल फूल देखकर दोनों ने पिता से कमल फूल तोड़ कर जाने की बात कही।

## ग्राम पंचायतों में एलईडी वैन कर रही योजनाओं का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



आयोजित शिविर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायतों तक में पहुंच रही है। केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं संबंधी जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प संदेश को ग्रामीणों ने तन्मयता से सुना। इस दौरान कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल भी लगाया गया। इसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमंत्री ⏭ शेष पेज 4 पर

## अपर कलेक्टर ने ली वाहन मालिक व ट्रांसपोटर्स की बैठक

**एमसीबी।** जिले के अपर कलेक्टर ने वाहन मालिक व ट्रांसपोटर्स के साथ बैठक ली। बैठक में ट्रांसपोर्टस ने अवगत करवाया कि वाहन चालकों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में किसी प्रकार का विवाद या असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न हो सकता है, इसमें शासन द्वारा इन समस्याओं के निराकरण के लिए सहयोग प्रदान किया जाए।

बैठक में आवश्यक वस्तुओं जैसे अनाज, खाद्य तेल, किराना समान, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी के परिवहन कर्ता आहुत किए गए थे। चूंकि अभी वर्तमान में वाहन चालकों के स्दताल आहुत की गई है, इसके कारण न केवल जिले में बल्कि संलग्न जिले एवं राज्य में भी इस प्रकार की समस्याओं के निराकरण में शासन-प्रशासन का सहयोग की अपेक्षा व्यापारी वर्ग द्वारा अपेक्षित है। अधिकारियों ने सभी आमजन से यह अपेक्षा की है।



ट्रांसपोटर्स की बैठक लेते अपर कलेक्टर।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** घर से परिवार के लिए चावल लेकर आ रहे बाइक सवार को मेण्ड्राकला मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम भुइयापारा निवासी अर्जुन खडिया आ. बराहित खड़िया (40 वर्ष) परिवार के साथ जोगीबांध ईट भट्टा में काम करने आया था। सोमवार को चावल लेने लखनपुर अपने घर गया था।

## अक्षत वितरण के लिए वार्ड में भ्रमण

**बैकुण्ठपुर।** अयोध्या से आए अक्षत कलश से अक्षत वितरण चरचा के वार्ड क्रमांक 15 में किया गया। निमंत्रण के रूप में अक्षत देने के लिए चरचा जगन्नाथ मंदिर से यात्रा निकाली गई।

मंदिर से यात्रा पूरे वार्ड में भ्रमण कर घर-घर निमंत्रण देने के लिए निकली। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सभी से शामिल होने का आग्रह किया गया। वहीं वार्ड के सभी लोगों से 22 जनवरी के दिन अपने घरों के सामने दीप प्रज्जवलित कर दीपावली मनाने का आग्रह किया है। अक्षत वितरण के दौरान जगन्नाथ मंदिर के पुजारी सहित भाजपा महिला मंडल महामंत्री प्रियंका सिंह, मंजू ठाकुर, अर्जुन, गायत्री गुप्ता, अंजलि, अनीता, चारु, शीला, दिनेश मोदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



अक्षत कलश के साथ उपस्थित लोग।

## कलेक्टर ने धान खरीदी को लेकर दिए सख्त निर्देश

# बारदाना की कमी, अवैध धान परिवहन पर संबंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। लगातार जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का दौरा भी कर रहे हैं, तो दूसरी ओर अवैध धान परिवहन, भंडारण की सूचना मिलते ही छापेमारी की कार्रवाई भी की जा रही है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह बुधवार को धान खरीदी केन्द्र जामपारा पहुंचे। उन्होंने सीधे किसानों से कहा कि बेहिचक बताइए यहां कोई रूपए की मांग तो नहीं कर रहे हैं। पीने की पानी व्यवस्था है कि नहीं, टोकन समय पर कट रहा है कि नहीं, किसानों ने कलेक्टर को आश्वस्त किया कि यहां किसी भी तरह से कोई रूपए की मांग नहीं की जा रही है। नोडल अधिकारी ने बताया कि शाम के समय असामाजिक तत्वों के द्वारा धान खरीदी केन्द्र पहुंच जाते हैं। श्री लंगेह ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने की सहमति दी। जिला सहकारी विपणन संघ ने जानकारी दी है कि जिले में 22 हजार 274 पंजीकृत किसान हैं तथा 30009.089 हेक्टेयर रकबे हैं। इस वर्ष 1 लाख 13 हजार 666 मेट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। अभी तक 9 हजार 110 किसानों द्वारा 45 हजार 910 मेट्रिक टन धान विक्रय कर चुके हैं तथा 20 हजार 26 मेट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। अभी तक लगभग 44 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है, इस वर्ष 22 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं।



समिति प्रबंधक से बातचीत करते कलेक्टर।

### सहकारिता विभाग के अधिकारी को सख्त हिदायत


कलेक्टर श्री लंगेह मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में धान खरीदी को लेकर सहकारिता विभाग कोरिया के अधिकारी को सख्त हिदायत दिए हैं कि बारदाना की कालाबाजारी या अवैध धान भंडारण, परिवहन की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की अनियमितता या पुख्ता शिकायत पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से कहा है कि धान खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्याओं का सामना न करना पड़े।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## नहीं रहे ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर टॉम विल्किंसन



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर थॉमस जेफ्री विल्किंसन उर्फ टॉम विल्किंसन अब इन दुनिया में नहीं रहे। 75 साल की उम्र में एक्टर ने अपनी आखिरी सांस ली। टॉम विल्किंसन बाफ्ता और गोल्डन ग्लोब जैसे अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुके हैं। टॉम विल्किंसन के निधन की खबर सामने आने के बाद हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। उनके निधन की जानकारी उनके परिवार द्वारा जारी किए स्टेटमेंट के बाद सभी को मिली है। फैमिली के एजेंट के स्टेटमेंट में कहा गया है कि, बड़े दुख के साथ टॉम विल्किंसन का परिवार यह घोषणा कर रहा है कि 30 दिसंबर को घर पर उनका अचानक निधन हो गया। इस दौरान एक्टर की पत्नी और परिवार उनके साथ थे। हालांकि इस स्टेटमेंट में टॉम विल्किंसन के निधन का कारण नहीं बताया गया है। एक्टर के निधन की खबर ने सभी को बड़ा झटका दिया है।

हॉलीवुड स्टार्स दिग्गज एक्टर टॉम विल्किंसन के निधन पर सोशल मीडिया पर शोक जाहिर कर रहे हैं। डेड इन ए वीक से उनके को-स्टाक एन्यूरिन बरनार्ड ने ट्वीट करते हुए दुख जाहिर किया है। वह लिखते हैं कि टॉम विल्किंसन के निधन की खबर से उन्हें काफी दुख पहुंचा है। एक्टर ने आगे अपने पोस्ट में लिखा कि टॉम विल्किंसन के साथ काम करके और उन्हें जानते हुए काफी अच्छा वक्त गुजरा। हमारे शानदार लीजेंड्स में से एक, जिसे हम अलविदा कहते हैं।अभी के लिए अलविदा टॉम।

टॉलीवुड

## लिट्टी चोखा से पहले दूध बेचता था ये भोजपुरी स्टार



**मुंबई।** खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है। एक शो पर उन्होंने बताया था कि एक्टिंग से पहले वो लिट्टी चोखा बेचते थे। लेकिन, क्या आपको पता है कि खेसारी इससे पहले क्या काम करते थे। कपिल शर्मा शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे।इस बात का जिक्र उन्होंने तब किया जब कपिल शर्मा ने शो के दौरान उनसे पूछ डाला कि क्या वो लिट्टी चोखा बेचते थे? इसपर जवाब देते हुए उन्होंने पहले हामी भरी फिर बताया कि उससे भी पहले वो दूध बेचने का काम करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे। कपिल ने जब उनसे पूछा कि वो पानी वाली दूध बेचते थे? तो उन्होंने कहा कि उस वक्त उनके लिए 10 रुपए की कीमत बहुत थी।10 का नोट लेकर वो भादो के मेले में जलेबी खाने जाया करते थे। शो पर खेसारी के साथ मौजूद निरहुआ भी थे। उन्होंने इस बात पर कहा कि दूध बेचने वाला इनका एक और किस्सा है जो बेहद मजेदार है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि एक बार खेसारी दूध बेचने जा रहे थे, रास्ते में उन्हें याद आया कि उन्होंने पानी नहीं मिलाया।

भोजपुरी

## आज रिलीज होगा 'सैंधव' का ट्रेलर, नया पोस्टर जारी



**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती अपनी नई फिल्म 'सैंधव' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वह इस फिल्म के जरिए एक्शन से भरपूर अवतार के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। दर्शकों के बीच फिल्म के क्रेज देखने को मिल रहा है। अक्तूबर 2023 को निर्माताओं ने फिल्म का पवार-पैक टीजर जारी किया था, जिसे देख फैंस उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों को फिल्म के दमदार ट्रेलर का इंतजार है। हालांकि, जल्द ही फैंस के इस इंतजार पर विराम लगने वाला है, क्योंकि ट्रेलर की रिलीज की तारीख का खुलासा हो गया है। फिल्म के निर्माताओं ने खुलासा किया कि 'सैंधव' का ट्रेलर तीन जनवरी को आएगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने वेंकी और बेबी सारा का एक प्यारा पोस्टर लॉन्च किया। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन सैलेश कोलानू ने किया है और यह फिल्म पिता-बेटी के रिश्ते और बॉन्डिंग पर आधारित है। इससे पहले टीजर में वेंकटेश को एक दयालु पिता और एक क्रूर व्यक्ति के रूप में दिखाया गया था, जो नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उनकी सबसे बड़ी कार्टेल डील को पूरा करने से रोकने के मिशन पर थे। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी सैंधव से अपना तेलुगु डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में वह नकारात्मक किरदार में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन के जन्मदिन पर निर्माताओं ने खलनायक 'विकास मलिक' के रूप में अभिनेता का बहुप्रतीक्षित पोस्टर जारी किया था और लिखा था, 'टीम सैंधव राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है और उन्हें डरावने रूप में पेश करती है। 'सैंधव' एक अखिल भारतीय एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें वेंकटेश मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निहारिका एंटरटेनमेंट बैनर के तले वेंकट बयानापल्ली द्वारा निर्मित है। संतोष नारायणन द्वारा संगीत दिया गया है। फिल्म में वेंकटेश और नवाजुद्दीन के अलावा बेबी सारा, आर्य, श्रद्धा श्रीनाथ, रूहानी शर्मा, एंड्रिया जेरेमिया, जिशु सेन गुप्ता और मुकेश ऋषि भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 13 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दुल्हन का फैशन

"देश के भीतर दुल्हन के श्रृंगार से जुड़ा बहुचर्चित शो ब्राइडल एशिया मुंबई (बीए मुंबई) अगले महीने 4 व 5 फरवरी को मुंबई में होने जा रहा रहै। अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी, ब्राइडल एशिया आपके लिए दुल्हनों के आभूषण और सहायक उपकरण का चुनिंदा संग्रह लेकर आई है। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से डिजाइनर और फैशन विशेषज्ञ भी पहुंचते हैं। फिलहाल इस मेगा इवेंट की तैयारियां जोरों पर है।



लाइफ स्टाइल

## सर्दियों में चाहिए निखरती त्वचा तो मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करें

सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है। मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ



से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें।

चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का

## बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है। बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें। मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।



## लोहड़ी पर पारंपरिक तरीके से होने देखें इन अभिनेत्रियों के लुक्स

फैशन





लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार 14 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी। पंजाब और हरियाणा में लोहड़ी की काफी धूम दिखाई देती है। इस त्योहार में लोग अपनी पहली फसल का भोग अग्नि देव को लगाते हैं। इसके लिए वो आग के चारों और चक्कर लगाते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी और मूंगफली चढ़ाते हैं। इस दौरान पुरुष और महिलाएं पारंपरिक तौर पर ही तैयार होते हैं। खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं की तो वो बेहद ही खूबसूरत तरह से लोहड़ी के पर्व के लिए तैयार होती हैं।

अगर आपके घर में भी ये त्योहार मनाया जाता है या फिर आप पहली बार इसमें शामिल होने का सोच रहीं हैं तो हम आपको कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप लोहड़ी के लिए तैयार हो सकती हैं। दरअसल, आज हम आपको कुछ अभिनेत्रियों और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के पंजाबी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं।

**सोनम बाजवा:** अगर हल्का सा कुछ पहनने का सोच रहीं हैं तो सोनम का लुक आपके लिए एक बेहद ऑप्शन है। स्काई ब्लू रंग के इस सूट के साथ माथे पर मांगटीका आप लगा सकती हैं।

**जैस्मिन भसीन:** इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता और चूड़ीदार पायजामी आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगी। इसके साथ बालों में एक प्यारी सी चोटी जरूर बनाएं। कानों में भारी झुमके आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**सरगुन मेहता:** अगर शरारा पहनना पसंद है तो सरगुन का ये लुक आपके लिए परफेक्ट लुक है। इसके लिए आप लाल रंग शरारा अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में कर्ल करके कानों में हैवी से झुमके जरूर पहनें।

**श्रद्धा आर्या:** अगर आप पारंपरिक रूप से पंजाबी लुक कैरी करना चाहती हैं तो श्रद्धा आर्या की तरह पटियाला सूट अपने लिए बनवा सकती हैं। इसके बाथ बालों परांदा जरूर लगाएं। इसी से आपका लुक और खूबसरत लगेगा। लुक को पूरा करने के लिए आप माथे पर मांगटीका भी लगा सकती हैं।

**शहनाज गिल:** अगर आपकी शादी के बाद ये पहली लोहड़ी है तो शहनाज गिल की तरह भारी सा शरारा आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इसके साथ अगर आप स्लीक स्टाइल का हेयर स्टाइल बनाएंगी, तो आपका लुक और भी ज्यादा क्लासी लगेगा।

## टीनएजर्स गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं मॉर्निंग स्किन केयर रूटीन, एक्सपर्ट के बताए तरीके को करें फॉलो

टीनएजर्स गर्ल्स से अपनी स्किन का ध्यान रखने में लापरवाही हो जाती है। ऐसे में उनकी त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आपको जरूरत है एक्सपर्ट टिप्स की जिसे फॉलो करके आप अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। डॉ. गीतिका ने इन टिप्स को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और बताया कि कैसे आप स्किन का ध्यान रख सकती हैं। टीनएजर्स गर्ल्स अपनी स्किन पर फोमिंग फेस वॉश का इस्तेमाल करें। ये स्किन के लिए काफी अच्छा होता है साथ ही माइल्ड क्लींजिंग करता है। इस तरह के फेस वॉश आपको बाजार में मिल जाते हैं जिनका इस्तेमाल आर रोजाना सुबह कर सकती हैं। आप चाहे तो इसकी जगह पर रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं

स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहती है। इसके लिए बेस्ट (सनस्क्रीन लगाने का तरीका) है कि आप सन प्रोटेक्टिव क्रीम का इस्तेमाल करें। मार्केट में आपको ऐसी कई सारी क्रीम मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप स्किन को



हेल्दी रख सकती हैं।

### फेस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लगता है कि स्किन डल लग रही है तो इसके लिए आपको जरूरी है कि आप फेस मास्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप घर (ब्यूटी हैक्स) पर ही एलोवेरा जेल फेस मास्क, दही फेस मास्क या फिर पपीता फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप रोजाना सुबह इस्तेमाल करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि इसके लिए आपको अपनी स्किन को क्लीन रखना है ताकि जब आप इसे चेहरे पर लगाएं तो कोई गंदगी न रहे।

## सटल लुक के लिए अपनी वार्डरोब में शामिल करें साड़ी डिजाइंस

साड़ी पहनने का शौक हर लड़की को होता है। इसलिए हर कोई मार्केट से जाकर अपने लिए अलग-अलग डिजाइंस की साड़ियां खरीदती हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ डिजाइंस आपको पसंद होते हैं लेकिन जब आप वो ट्राई करते हैं तो अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको कुछ नया लुक नहीं मिलता है बस वही पुराने तरीके से साड़ी पहनना पड़ता है। ऐसे में अगर आप सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए बेस्ट है कि आप इन साडियों को स्टाइल करें इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी।

**बॉर्डर वर्क साड़ी :** सटल लुक के लिए बेस्ट है कि आप बॉर्डर वर्क साड़ी को वियर करें। इसमें आपको पतला बॉर्डर मिलेगा जिस पर साड़ी के ब्लाउज जैसी एम्ब्राइडरी की गई होगी। आप इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये सिंपल होती हैं और कहीं भी पहनी जा सकती हैं। इनकी खास बात ये है कि इन्हें स्टाइल करने में समय भी कम लगता है। आप इसे अपनी पसंद के फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको हैवी वर्क ब्लाउज मिलेगा। इसलिए ये साड़ी और भी सुंदर लगेगी। इस तरह की साड़ी मार्केट में आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।

**मिरर वर्क साड़ी:** मिरर वर्क साड़ी भी सटल लुक के लिए बेस्ट है आप इन्हें भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर (साड़ी फैशन) लगेंगी। इसमें आपको कोई बॉर्डर नहीं मिलेगा। बल्कि आपको पूरी साड़ी में थोड़ा-थोड़ा मिरर वर्क मिलेगा। जिससे ये साड़ी दिखने में हैवी लगेगी लेकिन रहेगी लाइट वेट। इसलिए आपको इस साड़ी को वियर जरूर करना चाहिए।




कार्नर न्यूज

फैशन के नाम पर अजीबो-गरीब चलन जोरों पर

# 'उल्टे' चश्मे से लेकर 'फटी' जींस-स्वेटर तक, जिन फैशनेबल चीजों का उड़ा मजाक वो बिकी सोने के भाव


*हाल के बरसों में कुछ अजीबो-गरीब फैशन ट्रेंड्स देखने को मिले। बड़े-बड़े ब्रांड ने इस साल के फैशन ट्रेंड्स को ट्राय किया। कई मास्क अपने डिजाइन और दाम के कारण प्रसिद्ध हुए। कुछ ड्रेस, चश्मे आदि वियर्ड फैशनेबल आइटम्स इंटरनेट पर चर्चा में रहे जिनको बेचकर कंपनी ने लाखों की कमाई की।*



**उल्टा चश्मा :** हर साल चश्मे कई स्टाइल और डिजाइन के आधार पर आते हैं। चश्मा पहनने वाला अपनी पसंद के आधार पर इनको चूज करता है। लेकिन इस साल एक अलग प्रकार का चश्मा मार्केट में आया है। इसका नाम इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज बताया गया। यह देखने में उल्टे चश्मे की तरह दिखाई दे रहा था। इसी वजह से ये सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। विश्व के चर्चित फैशन ब्रांड गूची ने इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज को लॉन्च किया था। इसके डिजाइन और कीमत दोनों ने ही लोगों को चौंका दिया।

**'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स :** कोरोना काल में सोने का मास्क देखने को मिला। मगर साल खत्म होते-होते हमने सोने का बना हेडफोन भी देख लिया। इसको लेकर भी खूब बातें चलीं। हम अधिकतर प्लास्टिक या मैटल से बने हेडफोन्स का ही प्रयोग करते हैं। हमने ऐसे ही हेडफोन देखे हैं। लेकिन जब 'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स बिकने लगे तो इस बात ने भी सबको शॉक्ड कर दिया।


**दाग लगी गंदी जींस :** कभी घास पर फिस कर गिरे होंगे तो आपको उसका दाग याद होगा! ऐसे दाग वाली एक जींस मार्केट में बिकने लगी। इस दाग लगी गंदी जींस को देखकर कई लोग सोच में पड़ गए, भला कौन ऐसी जींस को खरीदना पसंद करेगा। दरअसल, लग्जरी फैशन ब्रांड गुची ने अपना विंटर कलेक्शन लॉन्च किया। उसमें इस दाग वाली जींस को भी शामिल किया।







**फटा हुआ स्वेटर :** फैशन की दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ एक्सपेरिमेंट होते रहते हैं। ऐसी ही चीजें हमारे ध्यान को आकर्षित करती हैं। हाल ही में सर्दी से बचाने के लिए फटा हुआ स्वेटर बिकने लगा। लोग इस स्वेटर के डिजाइन को देखकर सोच में पड़ गए। लोग पूछने लगे- भाई ये क्या बिक रहा है। सोशल मीडिया पर इस स्वेटर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचने का काम किया। इस आउटफिट को विश्वविख्यात फैशन ब्रांड जारा ने विंटर में लॉन्च किया है।

## सालार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार





*मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' की दमदार कमाई जारी रही।*

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार





**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




**मुंबई।** पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



## नए साल में अर्जुन ने बनाया नया टैटू...

**मुंबई।** 2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा है राइज। एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है। सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

लाइफ Style

## अदिति

## सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप

नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।



### हॉलीवुड मसाला



## बीच किनारे चिल करती दिखीं

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज 1991 में अपने डेब्यू के बाद से कई लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हसीना अपने काम, लुक और एक्सेसरीज से अक्सर फैंस का दिल चुरा लेती हैं। वहीं अब एक बार फिर जेनिफर ने अपने लुक्स से तहलका मचा दिया। इन तस्वीरों में जेनिफर बीच किनारे चिल मूड में नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो जेनिफर व्हाइट बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। इस बिकिनी टॉप में वह अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं।




## पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए।



## इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुईं ट्रोल...

**मुंबई।** अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है। कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



## करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

**मुंबई।** एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा।

### टीवी मसाला

## पलक की पर्सनल चैट लीक

**मुंबई।** एक्ट्रेस पलक तिवारी के साथ सोशल मीडिया स्टार ऑरी ने अपनी पर्सनल चैट लीक की है। इस चैट को देखकर सब हैरान हो गए हैं क्योंकि ओरी ने इसमें एक्ट्रेस पलक को मिडिल फिंगर दिखाई है। ऑरी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्वेता तिवारी की बेटी पलक के साथ अपनी चैट का ऐसा स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसे देखकर सब हैरान हैं। ओरी ने मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें पलक का मैसेज कर रही हैं कि ऑरी, पलक बोल रही हूं। क्या तुम्हें माफी चाहिए। ऑरी फिर उन्हें मिडिल फिंगर वाला इमोजी भेजते हैं। पलक जवाब देती हैं सारा की रिस्पेक्ट की वजह से मैं बोल रही हूं। इस पर ऑरी कहते हैं नहीं बेब, मुझे माफ कर दो। या तो आप सेल्फ रिस्पेक्ट के कारण माफी मांगो क्योंकि आपको पता नहीं कैसे बात करनी चाहिए। पलक का आखिर में मैसेज होता है मैंने माफी मांग ली है।



### मनोरंजन से भरपूर होगा पूरा महीना

## जनवरी में रिलीज हो रहीं ये बड़ी फिल्में, पहली बार साथ दिखेंगे विजय व कैट

*नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही सिनेप्रेमियों को कई बड़ी फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। दिसंबर का महीना सिनेमा और सिनेमाघरों दोनों के लिए बढ़िया रहा है। बहरहाल, 2024 का आगाज होते ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। साल के जाते-जाते 'डंकी' और 'सालार' की भिड़ंत ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस बड़े टकराव के बावजूद दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया है।*




### ऋतिक व दीपिका की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लंबे समय से फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। अनिल कपूर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। 'फाइटर' गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

### कैटरीना-विजय सेतुपति की 'मेरी क्रिसमस'

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में पहली बार साथ दिखाई देंगे।




फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। 'मेरी क्रिसमस' एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है। दोनों सितारों के प्रशंसक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं।


### 'कल्कि 2898 एडी में अमिताभ विलेन'



नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनने जा रही है, वहीं अमिताभ बच्चन इसमें विलेन की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सैन डिएगो में हुए कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था।

***ये 2 फिल्में भी चर्चा में :*** *रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या की फिल्म 'लाल सलाम' 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है। ऐश्वर्या ने फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रजनीकांत इसमें कैमियो करने वाले हैं। उधर महेश बाबू भी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी को लेकर आ रहे हैं।*

### 'मैं अटल हूं', 19 जनवरी से बड़े पर्दे पर




जल्द ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी। फिल्म में अटल के जीवन और राजनीति संघर्षों को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 19 जनवरी को रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### बाधा करने व अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अंबिकापुर।** कलेक्टर कुंदन कुमार व एसपी सुनील शर्मा ने मंगलवार को ट्रक, बस मालिक संघ, स्कूल बस प्रबंधन, पंप संचालक, मंडी व सब्जी विक्रेता संघ, व्यापारी संघ, गैस वितरकों सहित विभिन्न संघों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर देशव्यापी हड़ताल पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में अत्यावश्यक सेवाएं लोगों को मिलते रहे, इस पर लगातार निगरानी रखी जाए। बस स्टैंड में रैन बसेरा में फंसे हुए यात्रियों के रुकने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है ताकि किसी को परेशानी का सामना ना करना पड़े। वहीं उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जगी। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने कहा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर एसपी ने संयुक्त रूप से कहा कि कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों, स्कूल बस, एंबुलेंस, अत्यावश्यक सुविधाओं के संचालन को रोकने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की सहायता, पुलिस स्क्वॉड से त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इस परिस्थिति में किसी भी तरह की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। किसी भी तरह से कोई दुकानदार जमाखोरी या कालाबाजारी अथवा महंगे दाम पर आवश्यक सामग्री न विक्रय करें, साथ ही बाजार में वाहन चालक सब्जियां, फल लेकर समय पर पहुंचे इसके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीणों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प



**लखनपुर।** ग्राम लैंगा व मुटकी में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, कामेंद्र राजवाड़े, मदन राजवाड़े, परमेश्वर प्रजापति, अवधेश कुमार यादव की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व समूह की दीदियों ने मनमोहन सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में आयोजित प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाले लोगों को पुरस्कृत किया गया। अधिकारियों ने पीएम आवास, उज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि राज्य से लेकर केंद्र तक डबल इंजन की सरकार है। गांव में दूर-दूर पर बसे लोगों की हर समस्या का समाधान होगा। कामेंद्र राजवाड़े ने कहा कि 2047 तक पूर्ण विकसित भारत बनाना है। इसके लिए मोदी सरकार अनेक योजनाएं लाकर काम कर रही है। भाजपा नेताओं ने लोगों को शपथ दिला पूर्ण विकसित भारत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ वेद प्रकाश पाण्डेय, विनोद यादव, महेंद्र बघेल, तुलसाय देवांगन, मसतराम पैकरा, भरत प्रजापति, शुभलाल, अखिलेश सिरदार, शिव सिंह आदि मौजूद थे।

### दर-दर भटक रहे ग्रामीण, विभाग ने किए हाथ खड़े

# विभाग ने बना दी 11 किमी लंबी सड़क भू-स्वामियों को नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

लोक निर्माण विभाग द्वारा पहाड़ चिरगां से गोविंदपुर तक 11 किलोमीटर डामरीकरण सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण कर दिया। लेकिन 11 किलोमीटर सड़क बनाने के दौरान भूस्वामियों का भूमि अधिग्रहित करने के बाद भी मुआवजा के लिए लोक निर्माण विभाग हाथ खड़ा कर दिया है। ऐसे में भूमि अधिग्रहित करने के दो साल बाद भी पहाड़ी क्षेत्र के पहाड़ी कोरबा सहित उरांव जनजाति अपनी भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि लेने लोक निर्माण विभाग, भू अर्जन विभाग सहित अन्य कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है।

**खास बात**

- 18 करोड़ से अधिक की लागत से बनाई गई है सड़क व पुल-पुलिया

ग्रामीणों द्वारा जर्जर सड़क की मरम्मत कराने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पहाड़ चिरंगा से गोविंदपुर तक की जर्जर सड़क की निर्माण के लिए वर्ष 2022 में 18 करोड़ 49 लाख की स्वीकृति मिली। सड़क निर्माण से पूर्व सड़क चौड़ीकरण के लिए भूमि का अधिग्रहण कार्य पूरा किया गया। इस बीच बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा, उरांव जनजाति के लोगों की भूमि अधिग्रहित कर 11 किलोमीटर की सड़क निर्माण, पुल पुलिया कार्य पूर्ण की गई। क्षेत्र के लोगों को जर्जर सड़क से निजात तो मिल गई परंतु भूमि स्वामियों को मुआवजा राशि नहीं मिली। पिछले दो साल से भू-स्वामी अधिग्रहित किए भूमि का मुआवजा राशि के लिए दर-दर भटक रहे है। इधर ग्रामीण कई बार लोक निर्माण विभाग , भू अर्जन विभाग के अलावा कलेक्टर से शिकायत की परंतु आज तक मुआवजे की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत गोविंदपुर के ग्रामीण महतो राम, बसंत, विकुल पहाड़ी कोरवा, महेश, मांगेराम, प्रेमसाय, सुखदेव, बुद्धेश्वर झांगना, सोहरान,उनराम सिंह, बुधना पहाड़ी कोरवा ने बताया की लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनाने के दौरान निजी भूमि अर्जन हेतु सामाजिक समाघात हेतु 5 लाख की राशि कलेक्टर के भूअर्जन शाखा को शुल्क दे दिया गया है। लेकिन अब तक प्रभावित निजी भू स्वामियों को मुआवजा नहीं मिल सका है।



मुआवजा राशि के लिए भटकते ग्रामीण।



पहाड़ चिरगां से गोविंदपुर तक नवनिर्मित सड़क।

#### 30 से 40 एकड़ भूमि किया अधिग्रहित

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनाने के दौरान भूमि स्वामियों का पट्टा की भूमि को अधिग्रहित किया गया है। गोविंदपुर , परसादाड, भटको, चिरगां के लगभग डेढ़ सौ भूमि स्वामी सड़क बनने के बाद अपनी भूमि का मुआवजा लेने दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इन ग्रामीणों के लगभग 11 किलोमीटर के दायरे में 30 से 40 एकड़ भूमि अधिग्रहित किया गया है।

#### मुआवजा प्रक्रिया जारी है

ग्राम भटको, चिरंगा, गोविंदपुर तक बने 11 किमी सड़क के निजी भूमि स्वामियों का मुआवजा राशि देने के लिए भू अर्जन शाखा को प्रत्रक प्रेषित किया गया है,कार्रवाठ की प्रक्रिया पूरी होने पर जल्द ही भूमि स्वामियों को मुआवजा राशि प्रदान किया जाएगा।

-प्रकाश सिन्हा
एसडीओ लोक निर्माण विभाग

# साल भर से रोड लाइट बंद ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा



सौर ऊर्जा चलित रोड लाइट व स्ट्रीट लाइट केदमा में मात्र शो पीस बन कर रह गई है। आलम यह है कि साल भर से रोड लाइट बंद है बावजूद इसके आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने संबंधित विभाग से शिकायत नहीं की है। ऐसे में विभाग की उदासीनता रवैया के खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्रेडा विभाग द्वारा तो ग्राम केदमा बाजारपारा में सौर ऊर्जा चलित रोड लाइट तो लगा दिया गया परंतु विभाग देखरेख करना भूल गया। लगभग एक साल से रोड लाइट बंद पड़ी है। रोड लाइट के बंद होने की शिकायत ग्रामीण समेत सरपंच ने कई बार विभाग के कर्मचारियों से की पर हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला और आज तक आश्वासन पूरा नहीं हो सकी। जबकि गांव में लगाए गए बल्व एवं एंगल खराब हो चुके है जिसे बदलने की जरूरत है। परंतु ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी सुधार नहीं हो सका है। केदमा में 3 स्ट्रीट लाइट हुए है और उनके बल्ब खराब हो चुके है। रोड लाइट बंद होने से ज्यादा परेशानी अस्पताल एवं बाजार चौक के राहगीरों को होती है। ग्रामीणों ने रोड लाइट की जल्द मरम्मत नहीं करने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

### निधन पर रामबिलास सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** कलेक्टोरेट कार्यालय के पूर्व अधीखक राम बिलास सिंह का निधन होने पर वरिष्ठ नागरिकों ने स्टेडियम ग्राउण्ड में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व का स्मरण किया। इस दौरान बीएस सिंह, विजय तिवारी, शंकर सिंह, एसएन सिंह, डीडी पाठक, पीसी मिश्रा, एडी पुरिया, जे कुशवाहा, एचडी सिंह, जेपी गुप्ता, गिरीश सिंह, जेपी तिवारी उपस्थित थे।

# नए साल के पहले दिन बंसीधर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नगरवासी नए साल के पहले दिन झारखण्ड के नगर उंटारी में स्थित बंशीधर मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। नगर वासियों ने सामूहिक रूप से बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर वासियों से कहा कि नए वर्ष में नगर विकास की नई ऊंचाइयों को छुए यही हम सब का प्रयास रहेगा। स्वच्छ एवं सुंदर रामानुजगंज सबको मिलकर बनाना है। इस दौरान सुभाष जायसवाल, टीआर शर्मा, एसपी निगम, गोपाल गुप्ता, सुरेंद्र केसरी, विजय रावत, विनोद केसरी, नंदू रजक, पवन गुप्ता, पवन होटल, सुमित गुप्ता, अनूप कश्यप, राम ध्यान गुप्ता, बंसी गुप्ता, राजकुमार ठाकुर, अवधेश यादव, आलोक ठाकुर, अनिल कश्यप, बहादुर सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विपुल सिंह, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।



#### शुद्ध सोने से निर्मित कृष्ण प्रतिमा

रामानुजगंज से करीब 90 किलोमीटर दूर झारखंड के नगर उटारी में स्थित बंशीधर मंदिर में भगवान कृष्ण की 1280 किलोग्राम शुद्ध सोने की निर्मित मूर्ति है। यहां दर्शन करने छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। नए साल के शुरुआत में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे।

# समावेशी शिक्षा अंतर्गत शिक्षकों को दिया गया उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में शाला त्याग की प्रवृत्ति को रोकने एक दिवसीय उन्नमुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का विकासखंड स्तरीय आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर के सभा कक्ष में संपन्न हुआ।इसमें प्रशिक्षणार्थी के रूप में विकासखंड सूरजपुर के सभी संकुलों से शिक्षक, अभिभावक एवं विशेष आवश्यकता वाले 160 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शाला त्यागी होने के मूल कारणों का पता लगाकर उसे दूर करते हुए पुनः उन्हें शाला में आने हेतु प्रेरित करने पर आधारित था। कार्यक्रम में उपस्थित एपीसी सोमनाथ चौबे ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में यदि शिक्षक और अभिभावक एक विशेष कार्य योजना बनाकर ध्यान देंगे तो उनमें सुधार का प्रतिशत निश्चित रूप से बढ़ जाएगा। बीआरसी मनोज मंडल ने कहा कि हमें कक्षा कक्ष का वातावरण इस प्रकार से निर्मित करने की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे समावेशी शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को शेष बच्चों के साथ मिलकर पढ़ने की इच्छा बनी रहे और वे विद्यालय से दूर होने के बारे में सोच भी ना सके। प्रशिक्षण में जम्मू कश्मीर के सीतलवार जिले की 16 वर्षीय शीतल देवी जिन्होंने चीन में आयोजित एशियाई पैरागेम में तीन गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा तथा इंटरनेशनल लेवल के इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पहली ऐसी महिला खिलाड़ी बन गई, जिनके दोनों हाथ नहीं है का वीडियो सभी



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

# नेशनल पार्क के सीमावर्ती जंगल में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप

**बिहारपुर।** सीमावर्ती गुरू घासीदास नेशनल पार्क में बाघ की मौजूदगी की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। वन अमले ने जंगल में बाघ का एक अस्पष्ट होने के कारण वन अधिकारी जंगल में बाघ के मौजूदगी की जांच कराने की बात कह रहे हैं।

गुरू घासीदास नेशनल पार्क में सालोभर हिंसक वन्य जीव बाघ एवं तेंदुए की आवाजाही जारी रहती है। नेशनल पार्क की सीमा से सटा होने के कारण कई बार हिंसक वन्य जीव शिकार की तलाश में पार्क से निकलकर चांदनी-बिहारपुर जंगल में पहुंच जाते हैं। पार्क की सीमा पर बसे ग्राम कोल्हुआ के ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार को वे अपने मवेशियों को चराने बैजनपाट के पूर्वी क्षेत्र के जंगल में गए थे। इस दौरान शावक के साथ एक बाघिन को घूमते देख चरवाहे अपने पशुओं के साथ गांव लौट आए जंगल में शावक सहित बाघिन के मौजूद होने की सूचना पर ग्रामीण काफी भयभीत हैं तथा डर से जंगल नहीं जा रहे हैं। ग्रामीण अपने मवेशियों को भी जंगल के बाहर ही चरा रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला पिछले दो दिनों से जंगल में बाघिन के मौजूदगी का जायजा लेने साक्ष्यों को तलाश रहा है। सोमवार को जंगल में एक स्थान पर हिंसक वन्य जीव का एक पदचिन्ह भी मिला है लेकिन पदचिन्ह अस्पष्ट होने के कारण अधिकारी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि पदचिन्ह बाघिन का है या तेंदुए का।

- ग्रामीण शावक सहित बाघ देखने की कह रहे बात, जंगल में मिला अस्पष्ट पद चिन्ह



इसके पूर्व भी बैजनपाट जंगल में बाघ का पदचिन्ह मिला था लेकिन बाघ के क्षेत्र में भ्रमण करने अथवा शिकार करने की कोई सूचना नहीं मिली थी। पार्क क्षेत्र में बड़ी संख्या में तेंदुए मौजूद हैं। बीच-बीच में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के रास्ते जंगल में बाघ भी पहुंचते हैं। पिछले साल पार्क के रास्ते एक बाघ पहुंचा था जो लगातार एक महीने तक सूरजपुर एवं बलरामपुर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के बाद झारखण्ड स्थित पलामू टाइगर रिजर्व रवाना हुआ था। इसके कुछ दिनों बाद ही कालामांजन जंगल में एक बाघिन ने दो ग्रामीणों पर हमला कर दिया था। हमले में बाघिन गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

# नए साल का जश्न मनाने रकसगंडा व लफरी में उमड़े सैलानी

**बिहारपुर।** नववर्ष पर रकसगडा जल प्रपात में सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान अधिक भीड़ होने के समय पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार को दिन भर लफरी, रकसगडा सहित आसपास के अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। ठंड के बावजूद पर्यटकों ने जल प्रपात का जमकर लुत्फ उठाया। सैलानियों ने पहाड़ों पर नाच-गाकर नव वर्ष को यादगार बनाया। नववर्ष पर पड़ोसी राज्यों के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग रकसगंडा, लफरी जल प्रपात में ऊंचाई से गिरते झरने का लुत्फ लेने पहुंचे। सुबह से ही सैलानी पर्यटन स्थलों पर पहुंचने लगे। इस दौरान रकसगडा, लफरी, जलप्रपात के पास वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। जल प्रपात पूर्वांचल के लोगों की खास पसंद बन गया है।

- सुरक्षा के लिए पुलिस ने की चाक-चौबंद व्यवस्था



### मेमू ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिश्रामपुर।** नशे की हालत में रेल लाइन पार कर अपने घर से दुकान जाने निकले युवक की मेमू ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेल प्रबंधन की सूचना पर जयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। बताया गया कि जयनगर थाना क्षेत्र के अजबनगर रांगपारा निवासी मनोहर पण्डो आ. स्व. पूरन पण्डो 23 वर्ष मंगलवार को शराब के नशे की हालत में अपने घर से दुकान जाने की बात कह कर निकला था। रेल पटरी पार करने के दौरान अंबिकापुर से शहडोल के लिए निकली मेमू ट्रेन संख्या 08750 के चपेट में युवक आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।







## पृष्ठ 1 का शेष

### कलेक्टर ने जिला अस्पताल का...

कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला अस्पताल को लेकर आए दिए मरीजों में इस बात की शिकायत मिल रही थी। डॉक्टर व स्टॉफ समय पर अस्पताल में नहीं रहते, जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए 3 जनवरी की सुबह कलेक्टर श्री लंगेह जिला अस्पताल का अकास्मिक निरीक्षण किए।

**गंदगी देख प्रभारी को लगाई फटकार-**

अस्पताल में गंदगी देखते ही संबंधित प्रभारी को बुलाकर फटकार लगाई और उन्हें सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा रखें। अस्पताल परिसर में पान-मसाला, गुटका इत्यादि का उपयोग प्रतिबंध है। इस पर कड़ाई से पालन करने को कहा गया। जिला चिकित्सालय में उक्त अव्यवस्थाओं, अनियमितता एवं चिकित्सकों की अनियमित कार्यशैली के कारण नाराजगी व्यक्त की और सिविल सर्जन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। श्री लंगेह ने डायलिसिस यूनिट एवं अल्ट्रा सोनोग्राफी कक्ष का भी निरीक्षण किया। मरीजों की सोनोग्राफी की प्रति दिवस एवं मासिक औसत संख्या अत्यंत कम व निराशाजनक होने पर डॉ.शालिनी शर्मा को शो-काज नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर श्री लंगेह ने बच्चों के वार्ड में जाकर निरीक्षण किया तथा कुपोषित बच्चों को ज्यादा लाभ दिलाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय करते हुए पर्याप्त उपचार तथा पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। तत्पश्चात सीटी स्कैन मशीन कक्ष का निरीक्षण किया गया, यहां औसतन प्रतिदिन 10 से ज्यादा सीटी स्कैन होने से मरीजों को लाभ मिल रहा है। जिले के अतिरिक्त पड़ोसी जिलों एवं मध्यप्रदेश से भी सीटी स्कैन कराने मरीज पहुंच रहे हैं। कलेक्टर ने सीटी स्कैन रिपोर्ट के साथ फिल्म उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### निर्माणाधीन जिला अस्पताल ...

निर्माण हो रहा है। यह तीन मंजिला अस्पताल बनने से जिले के मरीजों को काफी मदद मिलेगी। कलेक्टर ने अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्तायुक्त सामग्री ही उपयोग करने निर्माण एजेंसी छग मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा ठेकेदार मेसर्स एके कंस्ट्रक्शन अंबिकापुर को निर्देश दिए हैं।

### ग्राम पंचायतों में एलईडी वैन ...

उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी को उपस्थित ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

